**दिनांक : 04/09/2046** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा, धार्मिक पर्यटन स्थलों में अधो संरचना को और मजबूत बनाने की योजना।
- राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में कल शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।
- प्रदेश में आज जन्माष्टमी का उल्लास, 29 ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर श्रीकृष्ण पर्व के आयोजन।
- प्रदेश में मानसून सक्रिय, पन्ना सतना में नदियों में बाढ़ की स्थिति, नर्मदापुरम और छिंदवाड़ा में भारी बारिश का रेड अलर्ट।

धार्मिक पर्यटन

राज्य सरकार धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन के विस्तार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल गुजरात में द्वारका में भगवान श्री द्वारकाधीश के दर्शन के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं देवस्थानों पर सहज एवं सुगम आवागमन, श्रद्धालुओं के ठहरने, उनकी सुरक्षा और पर्यटकों की वृद्धि को देखते हुए वहां सभी जरूरी अधोसंरचनाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। उज्जैन में श्री महाकाल लोक के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या 20 गुना बढ़ गई है। वर्तमान में लगभग 10 करोड़ से अधिक तीर्थ यात्री उज्जैन आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री रोल-आउट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सीहोर में एक निजी कंपनी की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण इकाई के पहले ट्रांसफॉर्मर का रोल-आउट शुरू करेंगे। करीब 50 एकड़ में स्थापित यह देश की एक ही स्थान पर स्थित सबसे बड़ी पॉवर ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण इकाई है। यहां 220 केवी से 1200 केवी तक के ट्रांसफॉर्मर बनाए जाएंगे और हर महीने 35 ट्रांसफॉर्मर तैयार करने की क्षमता होगी। इकाई से दो हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीहोर में बनने वाले ट्रांसफॉर्मर देश के साथ वैश्विक बाजारों में भी भेजे जाएंगे।

शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस के अवसर पर कल राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में होगा। इस अवसर पर उन शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, शैक्षणिक नवाचारों को बढ़ावा देने और विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। राज्य स्तरीय पुरस्कार-2026 के लिए चयनित शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 25,000 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान कर अलंकृत किया जाएगा। समारोह में विगत वर्ष 2025 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित दो शिक्षकों शीला पटले और भेरूलाल औसारा को समारोह में शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र तथा सम्मान राशि प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

जन्माष्टमी

प्रदेश में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जन्माष्टमी पर रोहिणी नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बना है। जन्मोत्सव को लेकर भगवान श्रीकृष्ण की पाठशाला को फूल बंगले की तर्ज पर भव्य रूप से सजाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस बार भी प्रतिवर्ष की तरह सपरिवार रात 12 बजे होने वाली महाआरती में शामिल होंगे और भगवान श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन करेंगे। पन्ना में भगवान जुगल किशोर मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान जुगल किशोर

सरकार का विशेष शृंगार किया जाएगा। प्रदेश के 29 ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर श्रीकृष्ण पर्व के आयोजन रखे गए हैं। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम और नारायणा धाम, धार के अमझेरा तथा रायसेन के जामगढ़ जैसे श्रीकृष्ण से जुड़े प्रमुख स्थलों पर विशेष कार्यक्रम होंगे। स्कूलों में मटकी, बांसुरी, श्रीकृष्ण की झांकी और भाषण प्रतियोगिताओं आयोजित की जाएंगी। मुरैना, मैहर, आगरमालवा में श्रीकृष्ण पर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। खंडवा में भव्य मटकी फोड़ महोत्सव में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों की गोविंदा टोलियां भाग लेंगी।

इसरो-उपग्रह

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो ने आज सुबह श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी- एफ17 रॉकेट के जरिए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस-05 का सफल प्रक्षेपण किया। इसरो के अनुसार, प्रक्षेपण के करीब 18 मिनट बाद भारत के पहले इमेजिंग उपग्रह को जियोसिंक्रोनस कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। ई.ओ.एस-05 से वास्तविक समय में तस्वीरें मिलेंगी। इससे कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में मदद मिलेगी। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

महिला- एशिया कप

भारत ने हांगकांग में, चीन के खिलाफ गुरुवार को महिला एशिया कप 2026 के सातवें मैच में एक सौ सैंतीस रन से बड़ी जीत हासिल की। इसी के साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शतकीय पारी के दम पर 5 विकेट खोकर 193 रन बनाए। मंधाना ने शेफाली वर्मा के साथ बतौर सलामी जोड़ी 48 गेंदों में 74 रन की साझेदारी की। इसके जवाब में चीन 16 ओवर 2 गेंदों में सिर्फ 56 रन पर सिमट गई। शीर्ष स्थान पर बने रहते हुए भारत 5 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगा। वहीं पाकिस्तान अपना पहला मैच जीतकर दूसरे स्थान पर है।

ईपीएफओ - नुकसान निपटारा

एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइज़ेशन- ईपीएफओ ने योग्य संस्थानों से विश्वास 2026 पहल के तहत ईपीएफ से जुड़े नुकसान (डैमेज) के लंबे समय से लंबित विवादों को काफी कम दरों पर निपटाने का आग्रह किया है। यह कार्यक्रम एक वन-टाइम सेटलमेंट स्कीम है, जो नियोक्ताओं को पेनल्टी की काफी कम रकम चुकाकर लंबे समय से लंबित विवादों को खत्म करने की सुविधा देती है। यह स्कीम 28 दिसंबर 2026 तक खुली रहेगी। श्रम और रोज़गार मंत्रालय ने कहा है कि नियोक्ताओं को इस अवधि के दौरान आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि इसकी आखिरी तारीख को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में खजुराहो पन्ना सतना सहित पूर्वी क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। कल नौ स्थानों पर दस सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई; खजुराहो.एयरपोर्ट पर 178 पन्ना में 164 रामपुर बाघेलान में 130 अमरपाटन में 129 देवनगर में 128 मझगांव 122 मिलीमीटर वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। नर्मदापुरम और छिंदवाड़ा में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट, जबकि छतरपुर, सागर, रायसेन, नरसिंहपुर, सिवनी और बैतूल में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबलपुर और बालाघाट समेत कई जिलों में भी भारी बारिश की संभावना है। पन्ना जिले में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते अमानगंज में मिढ़ासन नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, वहीं पन्ना की पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया किलकिला नदी के विकराल रूप से जलमग्न हुए धाम मोहल्ले में फंसे 12 लोगों को राज्य एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला है। डायल 112 के माध्यम से नगर में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया है। नदी घाट के पास स्थित निचले इलाकों के परिवारों से तुरंत मकान खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया है। प्रभावित परिवारों के लिए स्थानीय कन्या स्कूल और बॉयज स्कूल में राहत शिविर बनाए गए हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर के युवा बुंदेली गायक सुनील लोधी को 1 लाख रुपये की सम्मान निधि, बेहतर इलाज, आंखों की रोशनी के लिए आवश्यक सहयोग और औपचारिक संगीत शिक्षा में मदद देने की घोषणा की है।
- धार जिले के जनपद पंचायत मनावर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय 'युवा संगम एवं उद्यम संवाद' में 50 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 17 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ।
- डिण्डौरी में आपदा मित्र योजना अंतर्गत 7 दिवसीय प्रशिक्षण का कल शुभारंभ हो गया।
- झाबुआ के पेटलावद क्षेत्र में निर्माण कार्यों के लिए कुल 12 करोड़ 50 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है।
- आगरमालवा जिला जल एवं स्वच्छता मिशन में कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना ने हर घर नल से जल समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का प्लान तैयार कर एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।
- अशोकनगर जिले के चार मंदिरों पर श्री कृष्ण पर्व का आयोजन आज किया जाएगा।
- शिवपुरी में सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण भजन संध्या होगी।
- इदौर जिले में भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिये प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने इन्दौर जिले में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया है।

-------------